जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण मे पहुंचकर,व्यवस्थाओं को देखा

लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने उन्नावनगर (के.के. सी.) पीजी कालेज में आयोजित होने वाला मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण एक पाली में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जयनारायण (के.के. सी.) पीजी कालेज पहुंचकर, व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना सुबह से प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

अतः सभी प्रशिक्षणार्थियों व निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों ने समय से पहुँच कर उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी कार्मिक गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। कोई भी संशय हो तो उसको क्लियर कर लें।

मतगणना की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मतदान कार्मिक [illegible] रहे।

पीएमएसएमए दिवस पर इम्पैनेल्ड निजी अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउण्ड फ्री

लखनऊ। प्रदेश सरकार गर्भावस्था में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व एवं प्रसवोपरान्त गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिये कृत संकल्प है। प्रसव पूर्व जाँचों से उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं को चिन्हीकरण एवं उनका समयगत प्रबन्धन करते हुये मातृ मृत्यु अनुपात में गुणात्मक कमी लायी जा सकती है। गर्भस्थ शिशु एवं गर्भावस्था की जानकारी हेतु प्रसवपूर्व अल्ट्रासाउण्ड की आवश्यकता होती है।

गर्भावस्था के दौरान अल्ट्रासाउण्ड गर्भावस्था की बेहतर ट्रैकिंग, काउंसलिंग और जन्म की तैयारी करने में सहायक है।

प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में प्रत्येक माह की 09 तारीख को यह अभियान समस्त ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों, महिला चिकित्सालयों व शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं मेडिकल कॉलेजों तथा प्रत्येक माह की 01, 16 एवं 24 तारीख को पीएमएसएमए पख दिवस का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरी एवं ग्रामीण, जनपद स्तरीय चिकित्सा इकाइयों एवं राजकीय मेडिकल कॉलेजों में किया जा रहा है।

पीएमएसएमए दिवसों पर अल्ट्रासाउण्ड के महत्व पर गर्भवती महिलाओं को परामर्श देना तथा उनको अल्ट्रासाउण्ड सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एक उत्कृष्ट अवसर है। इन दिवसों में प्रसवपूर्व सेवाएं चिकित्सकों नर्सों लैब टेक्नीशियनों एवं अन्य स्टॉफकी टीम द्वारा व्यापक रूप से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं और इन दिनों पर विशेष रूप से गर्भवती महिलाएं पी0एम0एस0एम0ए0 हेतु चिन्हित समस्त स्वास्थ्य इकाईयों पर पहुँचती हैं। जनपदों में इस सुविधा को प्रत्येक स्तर पर पारदर्शी, त्वरित एवं एकरूपता लाने हेतु उक्त सुविधा के लिए ई-रूपी वाउचर के माध्यम से किया जा रहा है।

पी0एम0एस0एम0ए0 दिवसों में ई-रूपी वाउचर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों पर निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड सुविधा प्रदान की जा रही है। 09 मई को आयोजित पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस पर 56,654 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया एवं नि[illegible] 10,905 गर्भवती महिलाओं [illegible] की [illegible] 01 माह के अन्त[illegible] का लाभ प्राप्त कर सकती है।

कुशीनगर में भीषण अग्निकांड, सात लोगों की जलक[illegible]त

(पेज न0-01 का शेष भाग) सूचना देने के दो घंटे विलम्ब से पहुंचा। हादसे से ग्रामीणों में नाराजगी [illegible] चार बच्चे और उनकी मां की मौत घर पर हुई है, जबकि दादा-दादी की मौत जिला अस्पताल में हुई है। एक का इला[illegible] में चल रहा है।

बाइक सवार बदमाशों ने की सिपाही की गोली मारक[illegible]

लखनऊ। जालौन कोतवाली अंतर्गत हाईवे पुलिस चौकी पर बीती रात ड्यूटी दे रहे सिपाही की बाइक सवार बदमा[illegible] मारकर हत्या कर दी।

घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। रिपोर्ट के अनुसार उरई स्थित हाईवे चौकी पर तैनात एक सिपाही भेदजी[illegible] बाइक सवार बदमाशों ने चौकी के चंद मीटर दूरी पर गोली मार दी। बताया जा रहा है कि रात के करीब 1.30 बजे एक बाइक[illegible] संदिग्ध दिखाई दिए जिस पर सिपाही ने उन पर टार्च मार दी। जब बाइक सवार नहीं रुके तो सिपाही ने उनका पीछा किया जि[illegible] बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी जिससे सिपाही की मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस के वरि[illegible] मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की 4 टीमें गठित कर कॉम्बिंग [illegible] रही है और बदमाशों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

एकेटीयू में सेमेस्टर परीक्षाएं 23 मई से,परीक्षा नियंत्रक [illegible]री किया एग्जाम शेड्यूल

लखनऊ। एकेटीयू यानी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की सत्र 2022-23 की सम सेमेस्[illegible] 23 मई से प्रस्तावित है। ऑफलाइन मोड में होने वाली ये परीक्षा 20 जून तक चलेगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने यूजी-पीजी की नियमित व कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्य[illegible] प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। एकेटीयू के प्रवक्ता पवन त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार [illegible] जारी किए गए पत्र में 23 मई से 20 जून तक परीक्षा प्रस्तावित है। प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम और केंद्रों पर किसी तरह की [illegible] 4 मई तक ई-मेल के जरिए सूचित की जा सकती है।

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ में भारत सरकार की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्राचार्य प्रोफेसर सपना वर्मा के कुशल निर्देशन एवं प्रोफेसर नीता के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग की छात्राओं द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी ज्योति रावत बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर 2 द्वारा किया गया कार्य का शुभारंभ में प्राचार्य प्रोफेसर सपना वर्मा ने इस अवसर पर छात्रों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी और कहा कि महिलाओं को अपनी आर्थिक स्थिति को मौजूद करने के लिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना आवश्यक है तथा उन्होंने मोबाइल मीडिया की गुलामी से स्वयं को मुक्त रखने के लिए जोर देते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की संयोजिका के रूप में इतिहास विभाग की प्रोफेसर नीता ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को आयोजन समिति के इतिहास विभाग के सभी छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही नेहा कुमारी धानुक बी ए प्रथम वर्ष सेमेस्टर 2 ने उक्त विषय पर प्रथम वक्ता के रूप में अपना भाषण दिया और 18 सौ 57 के महान विद्रोह में महिलाओं की भूमिका पर विशेष बल दिया उन्होंने अपना भाषण में रानी लक्ष्मी बाई झलकारी बाई उदा देवी इत्यादि वीरांगना नारी की शिवानी राजपूत बीए द्वितीय वर्ष सेमेस्टर 4 ने द्वितीय वक्ता के रूप में विषय पर अपना भाषण दिया और 18 सौ 57 का महान विद्रोह में वीरांगनाओं की भूमिका जोरदार बल दिया।

उपद्रव व मारपीट के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

उन्नाव। थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस द्वारा उपद्रव व मारपीट के अभियोग में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार। आप को बता दे कि 7 मई को थाना फतेहपुर चौरासी पर उपद्रव व मारपीट के संदर्भ में 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया था तथा जिसमें 9 मई को अभियुक्त कुलदीप 35 पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम विजय खेड़ा मजरा झुनझुक थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कुलदीप को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अमर शंकर 57 पुत्र स्व0 सुरेश शुक्ला नि0 ग्राम विजय खेड़ा मजरा झुनझुक थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव को उ0 निरीक्षक जमेन्द्र सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा कटरी मिट्ठी चौराहे के पास से पानी ट्यूबवेल के सामने से गिरफ्तार किया है।

मतग[illegible] को सकुशल संपन्न करा[illegible] उद्देश्य से [illegible] निर्वाचनअ[illegible] अपूर्वा दुबे

उन्नाव। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा अधिकारियों के साथ तहसील उन्नाव सदर के अन्तर्गत नगर निकायों की मतगणना हेतु डीएसएन कॉलेज में बनाए गए मतगणना केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना केन्द्र में स्ट्रांग रूम, गणना टेबलों, मतगणना कार्मिकों, गणना हेतु मेजों की व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गयी तथा संबंधित आरओ एवं एआरओ को निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित मतगणना केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें ताकि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

पत्नी की हत्या कर आरोपी [illegible] ने [illegible] ट्रेन आगे कूदकर की सुसाइड

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिम बाग के रहने वाले एक पति ने बीते मंगलवार को अपनी पत्नी को सिर पर ईंट से मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बेटे की तहरीर पर पिता के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। लेकिन बीती रात आरोपी ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। यही चौकी लालाउरोहा के अंतर्गत इब्राहिम बाग निवासी कृष्ण दुलारी (62) पत्नी नन्हकऊ बीते मंगलवार की सुबह घर के बाहर चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान पति नन्हकऊ ने उसके सिर पर ईंट से मारकर हत्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। पड़ोसी सभासद ने चारपाई पर मृत अवस्था में महिला को देखा तो घटना की सूचना उसके बेटे सुरु को दी। मां की हत्या की जानकारी मिलते ही सुरु घर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। बेटे की तहरीर पर आरोपी पिता नन्हकऊ के खिलाफ सदर कोतवाली में हत्या की एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से तलाश शुरू की। कई जगहों पर छानबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

इधर देर रात करीब एक बजे पुलिस को इब्राहिम बाग के पास रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा शव कि शिनाख्त नन्हकऊ के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

आरोपी की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे रिश्तेदारों ने बताया कि कृष्ण दुलारी का मंगलवार को अंतिम संस्कार नहीं हो सका था। एक साथ दोनों के शवों का अंतिम संस्कार जाजमऊ घाट पर कराया जाएगा।

चोरी की तीन घटनाओं का हुआ खुलासा चार शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

उन्नाव। एसपी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों को चोरी के जेवरात व 34 हजार रुपये नकद बरामद कर गिरफ्तार किया गया। आप को बता दें कि 6 मई को वादी शादाब पुत्र अब्दुल रहमान निवासी मो0 शहीनगर चम्पापुरवा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव द्वारा तहरीरी सूचना दी गई कि 5 मई को वादी के घर का ताला तोड़कर घर में रखी दो अलमारियों से जेवर व अन्य सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गंगाघाट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। बुधवार को थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा सुरेन्द्र रावत उर्फ भटका 28 पुत्र स्व0 सिद्धनाथ निवासी बलदेव पार्क मोहल्ला चम्पापुरवा थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव, करन रावत 22 पुत्र बदआ रावत निवासी मोहल्ला चम्पापुरवा सर्वोदय स्कूल के पास थाना गंगाघाट जनपद, विकास निषाद 24 पुत्र नन्नू निषाद निवासी मनसुखा खेड़ा चम्पापुरवा थाना गंगाघाट, मोहित निषाद 30 पुत्र स्व0 पुत्तीलाल निवासी मनसुखा खेड़ा चम्पापुरवा थाना गंगाघाट जनपद को सरैया क्रासिंग के आगे बन रहे ओवर ब्रिज के पास नेतुआ गांव की तरफ जाने वाले मोड़ के पास से चोरी के जेवरात व नकदी बरामद कर गिरफ्तार किया गया। चारो अभियुक्तगण के कब्जे से थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत हुई दो चोरियों से संबंधित जेवरात व रुपये भी बरामद हुए हैं।

रामगंगा नदी में नहाने गये पांच बच्चे डूबे,दो की मौत

लखनऊ। हरदोई जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। मामला आवास क्षेत्र का है जहां से निकली रामगंगा नदी में नहाने गए 5 बच्चे तेज बहाव में डूब गए जिसमें से तीन किसी तरह बचकर नदी से बाहर निकले लेकिन दो बच्चों की डूबकर मौत हो गई।गोताखोरों की मदद से 4 से 5 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को ढूंढा जा सका।पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आवास थाना क्षेत्र के बेहटा मुड़िया गांव निवासी केतन और उसका दोस्त शिवांशु अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए थे जहां नहाते हुए गहरे पानी में चले गए। सभी पानी के तेज बहाव में फंसकर डूबने लगे जिसमें तीन बच्चों ने किसी तरह अपनी जान बचाई और नदी से बाहर आ गए लेकिन शिवांशु और केतन नदी में डूब गए। ग्रामीणों की सूचना पर गोताखोर और पुलिस टीम पहुंच गई। काफी देर तक दोनों की तलाश की गई जिसके बाद करीब दो घंटे बाद शिवांशु का शव नदी से बरामद कर लिया गया जबकि दूसरे का शव 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ढूंढा जा सका। इस घटना की वजह से परिजनों में कोहराम मच गया। दर्जन भर गोताखोरों की मदद से 4 से 5 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों का शव निकाला जा सका जिन्हें पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

31 मई तक आवेदन परिषद कार्यालय में उपलब्ध करायें प्रधानाचार्य

लखनऊ। माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की सचिव राधा कृष्ण तिवारी ने माध्यमिक संस्कृत विद्यालय के सभी प्रधानाचार्यों को 2023 की परीक्षा में संवीक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन पत्र अग्रसारित करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विद्यालय में अध्ययनरत् पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर तक के छात्र यदि किसी विषय में संवीक्षा कराने के इच्छुक हों तो उनके संवीक्षा आवेदन पत्र पूरित कर निर्धारित शुल्क के साथ 31 मई तक परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि इच्छुक अभ्यर्थियों के संवीक्षा की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि परिषद की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर आवश्यक संलग्नकों एवं निर्धारित शुल्क सहित निर्धारित तिथि तक परिषद कार्यालय को उपलब्ध करायें।

संस्कृति विभाग के अधीन होने वाले कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किये जाने वाले सभी कार्यक्रमों में पारदर्शिता एवं मितव्ययिता का कड़ाई से अनुपालन किये जाने के लिए सामान्य दिशा-निर्देश जारी किये गये है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत निदेशालयों, संस्थाओं, अकादमियों द्वारा मूर्त एवं अमूर्त कलाओं के मंचन प्रदर्शन, प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, शैक्षिक भ्रमणों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

आयोजनों के लिए एक भौतिक सत्यापन समिति बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके पश्चात ही कार्यक्रमों के व्यय का भुगतान बिलम्बतम एक माह के अंतर्गत सुनिश्चित किया जाए।पर्यटन मंत्री ने बताया कि संस्कृति विभाग के आयोजन के लिए एक विस्तृत सामान्य नियमावली निर्धारित किया गया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव संस्कृति की ओर से कल 09 मई को आवश्यक शासनादेश जारी करा दिया गया है। संस्कृति विभाग के सभी संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों के दौरान कराये गये कार्यों के लिए टेण्डर एवं कोटेशन जेम पोर्टल आदि के माध्यम से दरें निर्धारित की जाए। शासनादेश में निर्देश दिये गये हैं कि कार्यक्रमों में होने वाली वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी पर होने वाले खर्च को कम किया जाए प्रयास किया जाए कि विभागीय फोटोग्राफर से ही फोटोग्राफी कराई जाए। विभागीय फोटोग्राफी न कराये जाने की स्थिति में वीडियोग्राफी पर 5000 तथा फोटोग्राफी पर 5000 से अधिक धनराशि व्यय न की जाए। कार्यक्रम में आतिथ्य सत्कार एवं जलपान पर शासन की मितव्ययिता नीति के अनुरूप कम से कम खर्च किया जाए। प्रेक्षागृह में बोतल बंद पानी के स्थान पर सहज उपलब्ध सस्ते विकल्पों पर विचार किया जाए। कहा गया है कि आयोजित कार्यक्रमों का विधिवत अभिलेखीकरण किया जाए तथा फोटोग्राफी के साथ समाचार पत्रों की कटिंग तथा आयोजक प्रायोजक से प्रमाण पत्र प्राप्त कर एक संक्षिप्त रिपोर्ट के साथ एक सप्ताह में संस्कृति निदेशालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया फेसबुक, यूट्यूब, ट्वीटर, कू तथा इन्स्टाग्राम आदि के माध्यम से किया जाए। सभी संस्थाओं द्वारा उ0प्र0 के प्रत्येक जनपद एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक कार्यक्रमों की पहुंच कराई जाए ताकि लोक कलाकारों को संरक्षित रखते हुए आयोजनों को रोजगार परक बनाने में मदद मिल सके। पर्यटन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये है कि जारी शासनादेश का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।